# कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग

**DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE & APPLICATIONS**

**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

**DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)**

( केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A CENTRAL UNIVERSITY )

**प्रो. दिवाकर शुक्ला**
Prof. Diwakar Shukla
विभागाध्यक्ष
**Head**

ई–मेल : hoddcsa @dhsgsu.ac.in
दूरभाष क्र. : (07582) 265572


Ref No.: DCSA/2019/ 2607

Dated: Aug., 27, 2019

## प्रकाशन हेतु सूचना

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग द्वारा एस.पी. एस.एस. साफ्टवेयर उपयोग कर एक दो–दिवसीय कार्यशाला अगस्त 27, 2019 को सम्पन्न हुई। कार्यशाला के विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री सी. आर. श्रीरीवास थे जोकि बैगलोर से पधारे थे। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. दिवाकर शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला के प्रथम दिन वेसिक माड्यूल के विषय में विस्तार से चर्चा की गयी तथा डिस्कृप्टिव स्टैटिक्स विश्लेषण को समझाया गया। द्वितीय सत्र में रिग्रेशन समीकरण स्थापन, विश्लेषण पर चर्चा हुयी जिसमें स्टेपअप विधि तथा स्टेपडाउन विधि बताई गयी। मिसिंग वैल्यू को डाट सेट से भरने की विधि भी साफ्टवेयर की सहायता से बताई गयी। कस्टमाइस्ड टेबिल बनाने की विधि समझाई गयी। इसके अतिरिक्त क्लिष्ट नमूना एवं एडवान्स सांख्यिकी विधि के उपयोग पर भी चर्चा हुई।

कार्यशाला के अगले दिवस में प्रथम सत्र में एस.पी.एस.एस. साफ्टवेयर की सहायता से आंकड़ों द्वारा भविष्यवाणी करना, न्यूरल नेटवर्क बनाना, डिसीजन ट्री बनाना, डाटा परीक्षण निर्माण एवं सटीकता परीक्षण इत्यादि के विषय में चर्चा की गयी। द्वितीय सत्र में डायरेक्ट मार्केटिंग, एमास, बूटस्ट्रेपिंग तकनीकों के उपयोग से आंकड़ों के विश्लेषण पर एक प्रस्तुति दी गयी।

कार्यशाला आयोजन में डॉ. अनिल कश्यप (समन्वयक), प्रो. दिवाकर शुक्ला, डॉ. जी. के. तिवारी, डॉ. वकुला कुमारी, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कुल 150 से अधिक छात्र–छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों ने कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी दर्ज की।

DShukla 27/8/19

(प्रो0 दिवाकर शुक्ला)
विभागाध्यक्ष
कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, (म.प्र.)

प्रति ,

**मीडिया अधिकारी**
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म0प्र0)
कृपया समस्त समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचना भेजने की कृपा करें।


Workshop On
SPSS Software Applications
From Aug. 26 - 27, 2019
Venue : J. L. N. Central Library


Shot on realme C2